केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

प्रेस प्रकाशनी

दिनांक: 10.03.2026

प्रश्नपत्रों में अनेक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाते हैं। इनमें संदिग्ध सुरक्षा भंग होने की स्थिति में प्रश्नपत्र की प्रामाणिकता की पुष्टि करने के लिए क्यूआर (QR) कोड भी शामिल होते हैं।

दिनांक 09.03.2026 को, कक्षा 12 की गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई थी। कुछ प्रश्नपत्र सेटों में यह पाया गया कि दिए गए क्यूआर कोडों में से एक को स्कैन करने पर वह एक यूट्यूब वीडियो से लिंक हो जाता है।
ऐसा प्रतीत होता है कि इससे संबंधित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों में प्रश्नपत्रों की प्रामाणिकता को लेकर कुछ चिंताएँ उत्पन्न हुई हैं।

बोर्ड द्वारा इसकी स्पष्ट रूप से पुष्टि की जाती है कि प्रश्नपत्र पूर्णतः प्रामाणिक (genuine) हैं। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा में कोई भी कमी या क्षति नहीं हुई है।

यद्यपि प्रश्नपत्रों की प्रामाणिकता को लेकर उत्पन्न चिंताओं का निराकरण कर दिया गया है, तथापि इस मामले को गंभीरता से लिया गया है तथा भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए बोर्ड द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

हस्ता/-
(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक